जीत के अश्वमेधी रथ पर सवार भारत के सामने द. अफ्रीका की कठिन चुनौती

बर्थडे ब्वॉय विराट कोहली पर नजरें

एजेंसी

कोलकाता। लगातार आठ जीत के साथ आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम को इस विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के रूप में पहली कठिन चुनौती मिलने जा रही है और शीर्ष दो टीमों के बीच रविवार को 'फाइनल से पहले फाइनल' माने जा रहे इस मुकाबले में 'बर्थडे ब्वॉय' विराट कोहली पर सभी की नजरें होंगी।

करीब 65000 की दर्शक क्षमता वाले ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स पर होने वाला यह मैच भारत के लिये इस टूर्नामेंट की सबसे कठिन चुनौती है चूंकि नीदरलैंड के खिलाफ एक मैच को छोड़कर दक्षिण अफ्रीका ने सभी मुकाबले जीते हैं। लेकिन भारत ने अभी तक एक चैम्पियन की तरह खेल दिखाया है और सेमीफाइनल में प्रवेश के बाद अंतिम दोनों लीग मैच में बड़ी जीत दर्ज करके उसके इरादे नंबर एक पर बने रहने के होंगे। बल्लेबाजों में मेजबान के लिये सर्वाधिक 442 रन बना चुके कोहली वनडे क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की कोशिश में होंगे। मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ 302 रन से मिली जीत में वह 12 रन से चूक गए थे। इसके अलावा ईडन गार्डन कप्तान रोहित शर्मा का भी पसंदीदा है जहां उन्होंने नवंबर 2014 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे क्रिकेट का सर्वोच्च स्कोर 264 रन बनाया था। अपनी सरजमीं पर बारह साल बाद वनडे विश्व कप जीतने के इरादे से उतरी रोहित शर्मा की टीम ने अब तक एक भी कदम गलत नहीं रखा है।

टीमें इस प्रकार है

भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।

दक्षिण अफ्रीका: तेम्बा बावुमा (कप्तान), जेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जेनसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, कागिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वान डेर डुसेन, लिजाड विलियम्स।

पाकिस्तान की सेमीफाइनल की उम्मीद जीवंत न्यूजीलैंड को डीएलएस से 21 रन से हराया

छह विकेट पर 401 रन बनाकर भी हारा न्यूजीलैंड

एजेंसी

बेंगलुरु। पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज फखर जमां (नाबाद 126 रन) के तूफानी शतक की बदौलत शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित विश्व कप मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति (डीएलएस) से 21 रन से हराकर अपनी सेमीफाइनल उम्मीद कायम रखी। न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद रचिन रविंद्र (108 रन) के शतक और कप्तान केन विलियम्सन (95 रन) के अर्धशतक से छह विकेट पर 401 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को बार बार हुई बारिश के कारण 41 ओवर में 342 रन का संशोधित लक्ष्य मिला लेकिन फिर बारिश आ गयी। तब तक पाकिस्तान ने 25.3 ओवर में एक विकेट गंवाकर 200 रन बना लिये थे। उसके लिए फखर जमां 126 रन (81 गेंद, 11 छक्के, आठ चौके) और कप्तान बाबर आजम नाबाद 66 रन (63 गेंद, छह चौके, दो छक्के) बनाकर खेल रहे थे। पाकिस्तान डीएलएस स्कोर के हिसाब से 21 रन से आगे चल रहा था जिससे उसने दो जरूरी अंक हासिल किये। 25.3 ओवर में न्यूजीलैंड ने 179 रन बनाये थे। पाकिस्तान के अब आठ मैचों में आठ अंक हो गये हैं जो न्यूजीलैंड के बराबर हैं। आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के भी आठ आठ अंक हैं। लेकिन नेट रन रेट के हिसाब से आस्ट्रेलिया (0.970) तीसरे और न्यूजीलैंड (0.398) चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान का नेट रन रेट 0.036 और अफगानिस्तान का माइनस 0.330 है।पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक (04) का विकेट पहले में गंवा दिया लेकिन इसके बाद जमां और बाबर ने कोई झटका नहीं लगने दिया।जमां ने ट्रेंट बोल्ट के तीसरे ओवर में दो चौके और एक छक्का जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिये थे जिसके बाद बाबर भी इसी लय में बल्लेबाजी करने लगे।जब पहली बार बारिश आयी तब भी पाकिस्तानी टीम 21.3 ओवर में एक विकेट पर 160 रन बनाकर डीएलएस स्कोर से 10 रन से आगे थी। पर इसके बाद फिर मैच शुरू हुआ और उन्हें 41 ओवर में 342 रन का लक्ष्य मिला। इस ब्रेक का जमां की लय पर कोई असर नहीं पड़ा। ईश सोढी ने दो ओवर में 32 रन गंवा दिये जिसमें जमां ने दो गगनचुंबी छक्के जड़े थे। फिर से तेज बारिश शुरू हो गयी और तब भी पाकिस्तानी टीम 21 रन से आगे थी।

पाकिस्तान की पारी

- अब्दुल्ला शफीक का विलियमसन बो साउदी 04
- फखर जमां नाबाद 126
- बाबर आजम नाबाद 66
- अतिरिक्त : 04
- कुल : 25.3 ओवर में एक विकेट पर 200 रन

गेंदबाजी

- ट्रेंट बोल्ट 6-0-50-0
- टिम साउदी 5-0-27-1
- मिचेल सैंटनर 5-0-35-0
- ग्लेन फिलिप्स 5-1-42-0
- ईश सोढी 4-0-44-0
- डेरिल मिचेल 0.3-0-1-0

विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद बोर्ड सचिव ने इस्तीफा दिया

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के सचिव मोहन डी सिल्वा ने भारत में वनडे विश्व कप में अपनी टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंका को गुरुवार को मुंबई में भारत ने 302 रन के बड़े अंतर से हराया था जिसके बाद टीम सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो गयी है। भारत के खिलाफ श्रीलंका की टीम महज 55 रन पर आउट हो गयी। इसके बाद देश के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने एसएलसी प्रबंधन के सामूहिक इस्तीफे की मांग की थी। रणसिंघे ने एक बयान में इस हार के लिए चयन समिति और एसएलसी प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। डी सिल्वा का इस्तीफा खेल मंत्री के आह्वान के बाद आया। शम्मी सिल्वा के नेतृत्व वाले एसएलसी प्रशासन ने बांग्लादेश से हुई हार पर टीम प्रबंधन से जांच रिपोर्ट मांगी है। शम्मी सिल्वा को एसएलसी का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया था। यह एसएलसी में उनका लगातार तीसरा कार्यकाल है। उनका मौजूदा कार्यकाल 2025 में समाप्त होगा। श्रीलंका को अपना अगला मैच छह नवंबर को दिल्ली में बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है।

वायु प्रदूषण के कारण श्रीलंका ने अभ्यास सत्र रद्द किया

एजेंसी

नई दिल्ली। विश्व कप मैच से पहले राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के 'गंभीर' श्रेणी में पहुंचने के कारण श्रीलंका को भी शनिवार को अपना कुछ आउटडोर अभ्यास सत्र रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इससे पहले बांग्लादेश ने शुक्रवार को अपना अभ्यास सत्र रद्द किया था। बांग्लादेश की टीम शुक्रवार को दिल्ली पहुंच गयी थी लेकिन टीम ने शुक्रवार को अभ्यास नहीं करने का फैसला किया क्योंकि शहर में प्रदूषण का स्तर 'गंभीर प्लस' श्रेणी में पहुंच गया था। श्रीलंका के खिलाड़ियों ने भी शनिवार को होटल के अंदर रहना ही सही समझा क्योंकि सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 407 था। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के एक सूत्र ने शनिवार के अभ्यास सत्र का जिक्र करते हुए कहा, ''वायु गुणवत्ता के मुद्दे के कारण इसे रद्द कर दिया गया।''बांग्लादेश की टीम सोमवार को होने जाने वाले मैच से दो दिन पहले प्रदूषण का [illegible] से सामना करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम के मुताबिक टीम शनिवार को शाम छह बजे से अभ्यास करेगी। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। इसकी संभावना बहुत कम है कि आईसीसी इस मैच को दिल्ली से बाहर स्थानांतरित करेगी। मैच के आयोजन पर हालांकि कोई फैसला उस दिन को ही होगा।

आईसीसी के एक प्रवक्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हम फिलहाल स्थिति का आकलन कर रहे हैं। आईसीसी और हमारे मेजबान बीसीसीआई के लिए सभी प्रतिभागियों का स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है। हम दिल्ली में हवा की गुणवत्ता की निगरानी कर रहे हैं। हम स्थिति का आकलन करने के लिए विशेषज्ञों की सलाह ले रहे हैं।''हवा की गुणवत्ता का आकलन आमतौर पर मैच के दिन मैच अधिकारियों द्वारा किया जाता है। श्रीलंका के खिलाड़ी 2017 में भारत के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान प्रदूषण से निपटने के लिए मास्क पहन कर मैदान में उतरे थे।

टखने में फिर सूजन होने के कारण पंड्या विश्व कप से बाहर, प्रसिद्ध कृष्णा टीम में

बेंगलुरु में ट्रेनिंग के दौरान टखने में फिर सूजन आई

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के स्टार आल राउंडर हार्दिक पंड्या टखने की चोट से उबरने में असफल रहने के बाद शनिवार को विश्व कप से बाहर हो गये। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार 17 वनडे खेलने वाले तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को पंड्या की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। पंड्या 19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी ही गेंद पर क्षेत्ररक्षण करते हुए बायां टखना चोटिल कर बैठे थे।

इसके बाद वह न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ मैच नहीं खेल पाये। पंड्या ने 'एक्स' पर लिखा, ''यह बात पचा पाना मुश्किल है कि मैं विश्व कप के बाकी हिस्से में नहीं खेल पाऊंगा। मैं टीम के साथ रहूंगा और प्रत्येक मैच में प्रत्येक गेंद पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करूंगा। आप सभी की शुभकामनाओं, प्यार और समर्थन के लिये शुक्रिया। आप सभी का सहयोग शानदार रहा है। यह टीम विशेष है और मैं सुनिश्चित करूंगा कि हम प्रत्येक को गौरवान्वित करें। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के मुताबिक पंड्या ने बेंगलुरु में ट्रेनिंग शुरू कर दी थी लेकिन उनके टखने में फिर सूजन आ गई, इसलिये टूर्नामेंट के बाकी हिस्से में उनके खेलने की कोई संभावना ही नहीं थी। एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''जैसा कि पहले कहा गया है कि पंड्या को कोई फ्रैक्चर नहीं है, यह सिर्फ मामूली 'टीयर' है। उन्होंने ट्रेनिंग शुरू कर दी थी लेकिन अचानक ही बायें टखने में सूजन आ गयी और वह गेंदबाजी करने के लिए फिट नहीं थे।'' उन्होंने कहा, ''यह ऐसी चोट नहीं थी जिसे इंजेक्शन से ठीक किया जा सके।

'प्रिंस आफ कोलकाता' के शहर में 'किंग कोहली' का क्रेज

एजेंसी

कोलकाता। खगन सरकार जलपाईगुड़ी से, मनाल बिहार के अररिया से और प्रद्युम्न ओडिशा के कटक से सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करके यहां सिर्फ विराट कोहली को उनके जन्मदिन पर खेलते देखने पहुंचे हैं और ईडन गार्डन के आसपास भारतीय टीम की 18 नंबर की जर्सी ही चारों ओर नजर आ रही है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को होने वाले विश्व कप मैच से पहले 'प्रिंस आफ कोलकाता' सौरव गांगुली के शहर में 'किंग कोहली' का खुमार सिर चढ़कर बोल रहा है। दूर दराज से आये युवा प्रशंसकों से लेकर स्टेडियम के बाहर टीम इंडिया की जर्सी बेचने वालों तक सभी की जुबां पर रविवार को अपना 35वां जन्मदिन मना रहे कोहली का ही नाम है।

नाम परिवर्तन

मैं, अवनिन्द कौर पत्नी श्री दलजीत सिंह, निवासी वार्ड नं० 4, डेरा लाडवा, तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम अवनिन्द कौर से बदलकर अवनिन्द कौर रख लिया है। भविष्य में मुझे अवनिन्द कौर के नाम से जाना जाए।

नाम परिवर्तन

मैं, अभिनव कुमार पुत्र श्री अनिल कुमार, निवासी मकान नं० 947/12, आजाद नगर, थानेसर, कुरुक्षेत्र बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम अभिनव से बदलकर अभिनव कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे अभिनव कुमार के नाम से जाना जाए।

सार्वजनिक सूचना

मैं, राजेन्द्र कुमार पुत्र [illegible] सिंह निवासी [illegible], जिला कैथल (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरी पत्नी सुमन रानी को दो नामों से जाना जाता है जो कि सुमन रानी व सुमन है। यह दोनों नाम सुमन रानी व सुमन एक ही महिला के हैं।

बेदखली सूचना

मैं, [illegible] देवी पत्नी स्व. श्री [illegible] निवासी पट्टी [illegible], कैथल, जिला कैथल (हरियाणा) बयान करती हूं कि मेरा पुत्र रोहित [illegible] है वह मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं इसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कार्य या लेन-देन करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। सभी नोट करें।

सार्वजनिक सूचना

मैं, बलजीत सिंह (Baljeet Singh) पुत्र [illegible] सिंह निवासी गांव [illegible], जिला कैथल (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नं. [illegible] में मेरा नाम बलजीत सिंह (Baljit Singh) व मेरी पत्नी का नाम कविता देवी (Kavita Devi) लिखा हुआ है जो गलती से दर्ज हो गया था जबकि हमारे अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम बलजीत सिंह (Baljeet Singh) व मेरी पत्नी का नाम कविता (Kavita) दर्ज है जो कि सही व दुरुस्त है।

राजकीय मोहन रामपुरी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, [illegible] (कैथल)

आवश्यकता है

[illegible] Original Documents [illegible]

1. Diploma Holder from NIS Patiala or Senior International Player
2. NIS Certificate Course, M.P.Ed. or M.A.(Phy. Edu.) or D.P.Ed. or Junior International Player or National Player in Concerned Game or Junior National Player or Rural National Player or All India Inter - University Player or National Women Sports Player

प्रिंसिपल

अस्वीकरण सूचना

पाठकों को इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में [illegible] उचित परामर्श लेने की सलाह दी जाती है। [illegible]

न्यूट्रियोनेक्स मैन्युफैक्चरर्स लिमिटेड

परिसमापन में (पूर्व में श्री लक्ष्मी महल लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

परिसमापक : श्री देवजीत नंदा

परिसमापक का पता : सी/4 -14, [illegible], इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, 201010

Email: liquidator.nutrionex@gmail.com

ई - नीलामी

[illegible]

www.matexauctions.com [illegible]

[illegible]

दिनांक : 4 नवंबर

स्थान : गाजियाबाद

Email: liquidator.nutrionex@gmail.com

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग

वर्ष 2023–24 के लिए
एससी छात्रों हेतु मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति स्कीम
के अंतर्गत उच्चतर शिक्षा अध्ययन हेतु
अनुसूचित जाति वर्ग के 69 लाख छात्रों को
छात्रवृत्तियाँ प्रदान करने हेतु
घोषणा करता है।

पात्रता	कार्य क्षेत्र	हकदारी
• माता–पिता/अभिभावकों की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए • मान्यताप्राप्त महाविद्यालयों/विद्यालयों में पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने वाले छात्र	• कक्षा 11 के बाद वाले सभी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम • लाभार्थियों का चयन राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाएगा • सबसे गरीब परिवारों को प्राथमिकता	• अनिवार्य अप्रतिदेय शुल्क (ट्यूशन शुल्क सहित) • 2500/– रुपए से लेकर 13500/– रुपए अकादमिक भत्ता • दिव्यांग छात्रों (विशेष रूप से सक्षम) के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता

- छात्रों को अपने राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन करना होगा
- छात्र के पास वैध मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर (यूआईडी), आधार से जुड़ा बैंक खाता, आय प्रमाण–पत्र तथा जाति प्रमाण–पत्र होना चाहिए।

- स्कीम के दिशा–निर्देश तथा विस्तृत पात्रता मानदंड http://socialjustice.gov.in/schemes/23 पर उपलब्ध हैं।

cbc 38101/11/0046/2324